जन्मदिन लेखिका के यहाँ मनाए जाते थे। मुस्लिम होते हुए भी नवाब साहब के बेटे लेखिका से राखी बंधवाते थे। लेखिका भी उनके मुहर्रम त्योहार को उनके परिवार के साथ मनाती थी। दोनों परिवारों में परस्पर धर्म भेद अथवा भाषा भेद की समस्या नहीं थी उन आत्मिक सुख देने वाले दिनों को लेखिका ने सपने के समान कहा है |

## बहुविकल्पीय प्रश्न

**1. 'मेरे बचपन के दिन' किस रचनाकार की रचना है?**
a. हजारी प्रसाद द्विवेदी b. शिवप्रसाद मिश्र
c. जगदीश चंद्र माथुर d. महादेवी वर्मा

**2. महादेवी वर्मा के परिवार में लगभग कितने वर्षों से लड़कियां पैदा नहीं हुई थी?**
a. 100 वर्ष b. 200 वर्ष
c. 50 वर्ष d. 40 वर्ष

**3. लेखिका की माता किस जगह से आई थी?**
a. पटना b. वाराणसी
c. द्वारका d. जबलपुर

**4. महादेवी का जन्म कौन से ईसवी सन में हुआ था?**
a. 1920 ई b. 1905 ई
c. 1907 ई d. 1910 ई

**5. लेखिका का जन्म किस राज्य में हुआ था?**
a. बिहार b. झारखंड
c. उत्तर प्रदेश d. मध्य प्रदेश

**6. महादेवी का जन्म किस शहर में हुआ था ?**
a. अहमदाबाद b. हैदराबाद
c. फर्रुखाबाद d. फरीदाबाद

**7. लेखिका की कुलदेवी थी ।**
a. दुर्गा b. सरस्वती
c. लक्ष्मी d. वैष्णो

**8. लेखिका को संस्कृत पढ़ाने कौन आए थे ?**
a मौलवी साहब b पंडित जी
c फादर d पड़ोसी

**9. लेखिका के साथ छात्रावास के कमरे में रहने के लिए आई नई लड़की का नाम क्या था?**
a. सुभद्रा b. पूजा
c. प्रीति d. जेबुन्निसा

**10. सुभद्रा लेखिका से कितने साल सीनियर थी ?**
a. 2 साल b. 4 साल
c. 5 साल d. 10 साल

**11. 'स्त्री दर्पण 'उस समय की एक-**
a. प्रसिद्ध महिला थी b. गायिका थी
c. किताब थी d पत्रिका थी

**12. कवि सम्मेलन में लेखिका को पुरस्कार में क्या मिला?**
a. घड़ी b. मेडल
c. सर्टिफिकेट d. चाँदी का एक कटोरा

**13. सुभद्रा ने पुरस्कार में मिले चाँदी के कटोरा में क्या मांगा?**
a. हलवा b. खीर
c. दाल-चावल d. दूध

**14. लेखिका से चाँदी का कटोरा किसने ले लिया?**
a. नेहरू जी ने
b नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने
c. मोदी जी ने
d महात्मा गांधी जी ने

**15. जेबुन्निसा कहाँ की रहने वाली थी ?**
a. गोवा b. इटली
c. कोल्हापुर d. रामगढ़

**16. प्रोफेसर मनमोहन वर्मा लेखिका के क्या थे ?**
a. भाई b. पति
c. दोस्त d. विरोधी

**17. प्रोफेसर मनमोहन वर्मा आगे चलकर क्या बने?**
a. प्रोफेसर b. अध्यापक
c. प्रिंसिपल d वाइस चांसलर

**18. प्रोफेसर मनमोहन वर्मा आगे चलकर कहाँ के वाइस चांसलर बने?**
a. जम्मू यूनिवर्सिटी b. काशी यूनिवर्सिटी
c. इलाहाबाद यूनिवर्सिटी d. राँची यूनिवर्सिटी

**19. लेखिका के छोटे भाई का नाम मनमोहन किसने रखा ?**
a. लेखिका ने
b. लेखिका की माँ ने
c. लेखिका के पिताजी ने
d. लेखिका की ताई साहिबा ने

**20. महादेवी के बाबा ने किसके लिए पूजा की थी?**
a. पुत्र के लिए b. धन प्राप्ति के लिए
c. पुत्री के लिए c. नौकरी के लिए

**21. किसे देखकर लेखिका चारपाई के नीचे जा छिपी?**
a. बापू को देखकर b. माता को देखकर
c. मौलवी साहब को देखकर d. भाई को देखकर

**22. सन 1917 में किसका प्रचार-प्रसार जोरों पर था?**
a. कविता का b. हिंदी का
c. उर्दू का d. संस्कृत का

**23. लेखिका अपनी आरंभिक कविताएँ कहाँ छपने भेजती थी?**
a. स्त्री दर्पण b. सुबोधिनी
c. सरस्वती d. महिला शक्ति

**24. मीरा के पद सुन-सुन कर महादेवी ने किस भाषा में लिखना आरंभ किया ?**
a. संस्कृत भाषा में b. ब्रजभाषा में

c. अवधी भाषा में d. उर्दू भाषा में

**25. बेगम साहिबा कौन थी?**
a. महादेवी की पड़ोसन
b. महादेवी की बहन
c. एक गायिका
d. महादेवी के हॉस्टल की रूम पार्टनर

**26. बेगम साहिबा ने महादेवी के छोटे भाई का क्या नाम रखा?**
a. मोहन b. मनमोहन
c. मनमीत d. मानसिंह

**27. सुभद्रा कुमारी चौहान ने महादेवी की कौन सी चोरी पकड़ ली थी ?**
a. पैसे चुराने की b. खाना खाने की
c. कविता लिखने की d. बात छुपाने की

**28. सुभद्रा जी कहाँ की रहने वाली थी ?**
a. सूरत की b. कोल्हापुर की
c. पुणे की d. इलाहाबाद की

**29. लेखिका की भेंट गाँधी जी से किस स्थान पर हुई थी ?**
a. आनंद महल b. आनंद भवन
c. आनंद आश्रम d आनंद निवास

**30. महादेवी जी की माता का स्वभाव कैसा था?**
a. धार्मिक b. चंचल
c. शांत d. सरल

**31. छात्रावास के हर कमरे में कितनी लड़कियाँ रहती थी?**
a. दो लड़कियाँ b. तीन लड़कियाँ
c. चार लड़कियाँ d. पांच लड़कियाँ

**32. महादेवी वर्मा को कवि सम्मेलनों में लगभग कितने पुरस्कार प्राप्त हुए थे ?**
a. लगभग 100 b. लगभग 50
c. लगभग 10 d. लगभग 200

**33. लेखिका की माँ ने सबसे पहले उन्हें क्या पढ़ना सिखाया?**
a. गीता b. पंचतंत्र
c. रामायण d. बाइबल

**34. लेखिका की प्रथम शिक्षिका कौन थी ?**
a. उनकी माँ b. उनके पिताजी
c. उनकी अध्यापिका d. उनकी दोस्त

**35. लेखिका की माँ किसके पद गाया करती थी?**
a. सूरदास के पद b. कबीर दास के पद
c. तुलसीदास के पद d. मीरा के पद

**36. लेखिका के घर के पास कहाँ के नवाब रहते थे?**
a. आगरा के नवाब b. लखनऊ के नवाब
c. अवध के नवाब d. जवारा के नवाब

**37. लेखिका को कविता पाठ में क्या मिला था?**
a. चाँदी का कटोरा b. सोने का कटोरा
c. पीतल का कटोरा d. स्टील का कटोरा

**38. जेबुन्निसा कौन सी भाषा बोलती थी ?**
a. हिंदी b. उर्दू
c. मराठी d. अवधि

**39. जम्मू और गोरखपुर यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर का क्या नाम था ?**
a. महादेवी वर्मा b. मोहन शर्मा
c. महादेव वर्मा d. मनमोहन वर्मा

**40. पाठ के आधार पर बताइए की महादेवी वर्मा को किस में विचित्र आकर्षण लगता है?**
a. बचपन के मित्रों में b. बचपन के खिलौने में
c. बचपन की स्मृतियों में d. बचपन के पकवानों में

**41. महादेवी के बड़े होने तक किन के संबंधों में खटास पैदा होने लग गई थी ?**
a. परिवार में b. हिंदू - मुस्लिम में
c. पड़ोसियों में d. दो देशों में

**42. मीरा के पद सुन- सुन कर महादेवी ने किस भाषा में लिखना आरंभ किया ?**
a. उर्दू भाषा में b. ब्रज भाषा में
c. अवधी भाषा में d. संस्कृत भाषा में

**43. महादेवी के पिताजी कौन सी भाषा जानते थे?**
a. उर्दू फारसी b. हिंदी उर्दू
c. अंग्रेजी हिंदी d. सिर्फ उर्दू

**44. 'प्रभाती' किसे कहते हैं?**
a. रात को सोने से पहले बच्चों को सुलाने वाला गीत
b. शाम को संध्या आरती में गाया जाने वाला गीत
c. पर्व त्योहार में गाया जाने वाला गीत
d. सवेरे - सवेरे गाया जाने वाला गीत

**45. महादेवी वर्मा द्वारा लिखा गया यह पाठ किस विधा में लिखा गया है ?**
a. परिकथा b. संस्मरण
c. निबंध d. कहानी

**46. निम्नलिखित में कौन सी रचना महादेवी की नहीं है?**
a. निहार b. रश्मि
c. उर्वशी d. नीरजा

**47. "सुना है उसके पहले लड़कियों को पैदा होते ही परमधाम भेज देते थे" यहाँ 'परमधाम' से लेखिका का क्या आशय है?**
a. लड़कियों के हॉस्टल का नाम है
b. लड़कियों की हत्या कर दी जाती थी
c. संन्यास की दीक्षा दिलवा दी जाती थी
d. लंबे तीर्थ पर भेज दिया जाता था।

**48. प्रयाग महिला विद्यापीठ में महादेवी किस पद पर लंबे समय तक कार्यरत थी?**
a. प्राचार्या के पद पर
b. क्लर्क के पद पर
c. सहायक शिक्षिका के पद पर
d. इनमें से कोई नहीं

**49. महादेवी वर्मा किस काव्यधारा की कवयित्री रही है**

a. छायावादी b. प्रयोगवादी
c. प्रगतिवादी d. सूक्ष्मतावादी

**50. साहित्य के क्षेत्र में महादेवी को किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया?**

a. साहित्य अकादमी एवं ज्ञानपीठ पुरस्कार
b. खेल रत्न पुरस्कार
c. राष्ट्रपति अवार्ड d. इनमें से कोई नहीं

**51. साहित्य अकादमी द्वारा ज्ञानपीठ पुरस्कार के अलावा भारत सरकार के द्वारा किस पुरस्कार से महादेवी को सम्मानित किया गया ?**

a. पद्मभूषण अवॉर्ड b. खेल रत्न अवार्ड
c. नृतक अवार्ड d. परमवीर चक्र

**52. सुभद्रा जी कैसी कवयित्री थी?**

a. प्रतिष्ठित कवियत्री थी
b. उन्होंने नया-नया लिखना शुरू किया था
c. सुभद्रा जी एक उपन्यासकार थी
d. इनमें से कोई नहीं

**53. सुभद्रा जी के साथ पेड़ की शाखा पर बैठकर महादेवी जी क्या करती थी?**

a. लेखिका सुभद्रा जी के साथ बैठकर तुक मिलाया करती थी ।
b. लेखिका सुभद्रा जी के साथ बैठकर परीक्षा की तैयारी करती थी ।
c. हॉस्टल के काम के डर से पेड़ की शाखा पर चढ़कर बैठ जाती थी ।
d. इनमें से कोई नहीं।

**54. जेबुन्निसा कैसी हिंदी बोलती थी?**

a. संस्कृत के शब्द अधिक होते थे
b. मराठी शब्दों से मिली जुली हिंदी बोलती थी
c. अंग्रेजी मिली हुई हिंदी बोलती थी
d. पंजाबी मिली हुई हिंदी बोलती थी

**55. ताई साहिबा के बच्चे लेखिका की माँ को क्या कह कर पुकारते थे?**

a. चचीजान b. मौसी जान
c. फुफुजान d. दादी जान

**56. लेखिका की माँ को ताई साहिबा क्या कह कर पुकारती थी?**

a. बहन b. दुल्हन
c. समधन d. माँ

**57. मनमोहन वर्मा कौन थे?**

a. महादेवी के भाई b. महादेवी के पिता
c. महादेवी के दोस्त d. महादेवी के पड़ोसी

**58. ताई साहिबा का लड़का किस से राखी बंधवाता था?**

a. लेखिका से b. लेखिका की माँ से
c. लेखिका की दोस्त जेबुन्निसा d. से किसी से नहीं

**59. महादेवी के स्कूली जीवन के समय सामाजिक दशा कैसी थी ?**

a. सामाजिक दशा उथल-पुथल भरी हुई थी
b. जाति और धर्म के नाम पर भेदभाव चरम पर होते थे
c. जात और धर्म के नाम पर विद्यालयों में दाखिला मिलता था
d. उस समय सांप्रदायिकता का नामोनिशान नहीं था और धर्म या जाति के नाम पर भेदभाव नहीं थे।

**60. जेबुन्निसा किस प्रकार की वेशभूषा पहनती थी?**

a. जेबुन्निसा मराठी महिलाओं की तरह किनारी दर साड़ी तथा वैसा ही ब्लाउज पहनती थी ।
b. जेबुन्निसा लहंगा चोली पहनती थी
c. जेबुन्निसा की वेशभूषा सलवार सूट होती थी
d. जेबुन्निसा पुरुषों की भांति पैंट शर्ट पहनती थी

**61. लेखिका किस सपने को सच करने की कल्पना करती है?**

a. लेखिका अपने भाई की तरह वाइस चांसलर बनने के सपने को सच करने की कल्पना करती है
b. लेखिका अपने बड़े से घर को पूरा करने के सपने को सच करने की कल्पना करती है
c. लेखिका अपनी माँ की तरह गाते- गाते गायिका बनने के सपने को सच करने की कल्पना करती है
d. लेखिका धार्मिक एवं सांप्रदायिक एकता के सपने को सच करने की कल्पना करती है।

**62. 'निराहारी' से प्रत्यय अलग करें**

a. निर् b. निरा
c. हरि d. ई

**63. 'अनंत' का विलोम शब्द**

a. अंत b. अनादी
c. आदि d. कोई नहीं

**64. 'समपरदयिकता' की वर्तनी शुद्ध करें**

a. समप्रदाईकता b. सांप्रदायिकता
c. समप्रदायकता d. कोई भी नहीं

**65. 'दुर्गापूजा' का समास विग्रह करें**

a. दुर्गा + पूजा
b. दु+र+गा+पू+जा
c. दुर्गा की पूजा
d. द्+उ+र+ग+आ+प+ऊ+ज+आ

**66. 'स्वतंत्रता' से उपसर्ग अलग करें।**

a. स्व b. स्वतंत्र
c. ता d. स्वतंत्र +ता

**67. 'अपनापन' में कौन सा प्रत्यय होगा**

a. अपना b. पन
c. अ d. अप

**68. 'दंड' का विपरीतार्थक शब्द का चयन करें**

a. सजा b. सज़ा
c. पुरस्कार d. अनुकंपा

**69. 'निराहार' का शाब्दिक अर्थ क्या होता है ?**

a. जिसमें ना कुछ खाया जाता है ना ही पिया जाता है
b. ऐसी व्यवस्था जहाँ ढेर सारे पकवान मिलते हैं
c. ऐसा भोजन जो सात्विक हो
d. मांसाहारी भोजन की व्यवस्था

**70. 'पंचतंत्र' में कौन सा समास होगा?**

a. तत्पुरुष समास   b. द्विगु समास
c. द्वंद्व समास   d. बहुव्रीहि समास

## बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. d, | 2. b, | 3. d, | 4. c, | 5. c, | 6. c, |
| 7. a, | 8. b, | 9. d, | 10. a, | 11. d, | 12. d, |
| 13. b, | 14. d, | 15. c, | 16. a, | 17. d, | 18. a, |
| 19. d, | 20. c, | 21. c, | 22. b, | 23. a, | 24. b, |
| 25. a, | 26. b, | 27. c, | 28. d, | 29. b, | 30. a, |
| 31. c, | 32. a, | 33. b, | 34. a, | 35. d, | 36. d, |
| 37. a, | 38. c, | 39. d, | 40. c, | 41. b, | 42. b, |
| 43. a, | 44. d, | 45. b, | 46. c, | 47. b, | 48. a, |
| 49. a, | 50. a | 51. a, | 52. a, | 53. a, | 54. b, |
| 55. a, | 56. b, | 57. a, | 58. a, | 59. d, | 60. a, |
| 61. d, | 62. d, | 63. a, | 64. b, | 65. c, | 66. a, |
| 67. b, | 68. c, | 69. a, | 70. b | | |

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्नोतर

**1. पाठ के आधार पर सही और गलत कथनों में क्रमशः (✓) और (×) का निशान लगाए।**

1. महादेवी वर्मा को भारत सरकार द्वारा पदम भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया ।( )
2. लेखिका के घर 50 वर्षों से किसी लड़के ने जन्म नहीं लिया। ( )
3. महादेवी वर्मा एक बाल विधवा थी ( )
4. महादेवी वर्मा की पूरी शिक्षा घर में पूरी हुई। ( )
5. महादेवी वर्मा की संपूर्ण शिक्षा दीक्षा प्रयाग में हुई थी ( )

**उत्तर-** 1 (✓), 2 (×), 3 (✓),
4 (×), 5 (✓)

**2. शब्दों को उनके अर्थो से खंड 'क' और खड़ 'ख' के माध्यम से मिलान करें-**

| क | ख |
|---|---|
| 1. परमधाम | 1. वरिष्ठ |
| 2. वाइस चांसलर | 2. सुबह गया जाने वाला गीत |
| 3. सीनियर | 3. शगुन |
| 4. नेग | 4. उप कुलपति |
| 5. प्रभाती | 5. सुरलोक |

उत्तर:- 1-5, 2-4, 3-1, 4-3, 5-2

## लघु उत्तरीय प्रश्नोतर

**1. महादेवी के बाबा की सोच समाज के अन्य पुरुषों से किस तरह अलग थी ?**

**उत्तर-** महादेवी के बाबा की सोच समाज के अन्य पुरुषों से बिल्कुल अलग थी। अन्य लोग जहाँ कन्या के पैदा होते ही उसे मार देते थे वहीं महादेवी के बाबा ने उसके पालन-पोषण पर पूरा ध्यान दिया और पढ़ा लिखा कर विदुषी बनाया।

**2. महादेवी के परिवार में कौन-कौन सी भाषा बोली जाती थी और महादेवी पर किस भाषा का असर हुआ ?**

**उत्तर-** महादेवी के परिवार में उनके बाबा उर्दू और फारसी के ज्ञाता थे जबकि उन्होंने अंग्रेजी भी पढ़ी थी। हिंदी का वातावरण तो तब बना जब उनकी माँ जबलपुर से आई। उन्हें हिंदी-संस्कृत की जानकारी थी और उन्हीं के सान्निध्य में महादेवी ने पंचतंत्र पढ़ना सीखा।

**3. महादेवी की शिक्षा -दीक्षा में उनकी माता का क्या योगदान रहा ?**

**उत्तर-** महादेवी की शिक्षा दीक्षा में उनकी माँ का विशेष योगदान रहा । वे हिंदी भाषी परिवार से आई थी। उन्होंने महादेवी को पंचतंत्र पढ़ना सिखाया। वे धार्मिक विचारों वाली महिला थी उनके साथ उठते- बैठते महादेवी ने संस्कृत सुनना और समझना शुरू किया।

**4. क्रास्थवेट गर्ल्स कॉलेज का वातावरण पढ़ाई के लिए आदर्श था। पाठ के आधार पर स्पष्ट करें।**

**उत्तर-** क्रास्थवेट गर्ल्स कॉलेज का वातावरण बहुत अच्छा था वहाँ विभिन्न स्थानों से लड़कियाँ पढ़ने आती थी । उनमें कुछ हिंदू भी थी तो कुछ ईसाई भी थी। यहाँ धर्म और क्षेत्र के नाम पर कोई भेदभाव नहीं था। सब एक मेज पर खाना खाती थी जिसमें प्याज तक नहीं पड़ता था।

**5. सुभद्रा कुमारी ने महादेवी की काव्य प्रतिभा को निखारने में कैसे मदद की?**

**उत्तर-** सुभद्रा कुमारी और महादेवी वर्मा छात्रावास के एक ही कमरे में रहती थी सुभद्रा उससे 2 साल बड़ी थी। जो कविता लेखन में प्रसिद्ध थी। महादेवी जो अब तक ब्रजभाषा में लिखती थी सुभद्रा कुमारी को देखकर खड़ी बोली में भी लिखने लगी। दोनों एक साथ कविताएँ रचती और पत्रिका में छपने भी देती थी। इस तरह सुभद्रा कुमारी ने महादेवी की काव्य प्रतिभा निखारने में मदद की।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्नोत्तर

**1. लेखिका धार्मिक और सांप्रदायिक एकता के सपने को सच करने की ख्वाहिश रखती है पाठ के आधार पर बताइए कि जवारा के नवाब की बेगम ने सांप्रदायिक एकता की दिशा में किस तरह अपनी योगदान दी।**

**उत्तर-** जवारा के नवाब की बेगम उस कंपाउंड के एक बंगले में रहती थी। जिसमें लेखिका का परिवार रहता था। वह हिंदू मुस्लिम का भेद माने बिना बच्चों से स्वयं को ताई कहने के लिए कहती। उनके बच्चे लेखिका की माँ को चाची जान कहते थे। वह अपने इकलौते लड़के के हाथ में रक्षाबंधन में राखी बंधवाती और लेखिका को लहरिये या कुछ उपहार भी देती थी। इस तरह वे हिंदू त्योहारों को भी उतनी ही खुशी से मिलजुल कर मनाती जितना की ईद या मोहर्रम को। उनका व्यवहार सांप्रदायिकता के मुँह पर तमाचा था। यहाँ तक कि उन्होंने लेखिका के भाई का नाम भी अपनी तरफ से रखा 'मनमोहन'। कहने का अर्थ है कि लेखिका के भाई का नाम वही चला जो ताई साहिबा अर्थात् बेगम ने रखा था। इस प्रकार बेगम साहिबा ने अपना योगदान दिया।

**2. महादेवी और सुभद्रा कुमारी की मुलाकात और मित्रता का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।**

**उत्तर-** जब महादेवी का दाखिला क्रासथवेट गर्ल्स कॉलेज में करवाया गया तो वहाँ हॉस्टल में जो कमरा मिला उसमें सुभद्रा कुमारी पहले से ही रह रही थी। वह महादेवी से 2 साल सीनियर थी और एक प्रतिष्ठित कवयित्री भी थी। महादेवी को बचपन से लिखने का शौक था पर वह सुभद्रा से इस बात को छुपाती थी और छुप-छुप कर लिखती भी थी। उसने सुभद्रा के पूछने पर मानने से इनकार भी कर दिया था, पर सुभद्रा द्वारा तलाशी लेने पर बहुत कुछ निकल आया। यह देखकर सुभद्रा ने महादेवी के बारे में सबको बता दिया इसके बाद तो दोनों की मित्रता और भी गहरी हो गई । दोनों साथ ही कवि सम्मेलनों में जाती थी जहाँ अयोध्या सिंह उपाध्याय, श्रीधर पाठक और रत्नाकर जैसे प्रसिद्ध कवि आते थे। 100 से भी ज्यादा पुरस्कार महादेवी को मिले हैं जिसमें सुभद्रा जी का भी सहयोग रहा है।

**3. महादेवी वर्मा का साहित्यिक परिचय अपने शब्दों में दें।**

**उत्तर-** महादेवी वर्मा आजादी के आंदोलन से प्रेरणा पाकर साहित्य साधना में जुटी । वह स्वयं एक बाल विधवा रही है। अतः भारतीय समाज में स्त्री जीवन की वास्तविक स्थिति का उन्हें आभास था । गद्य साहित्य में संस्मरण और रेखाचित्र को बुलंदियों तक पहुंचाने का श्रेय महादेवी जी को है। उनकी रचनाओं में शोषित, पीड़ित लोगों के प्रति ,पशु - पक्षियों के प्रति आत्मीयता एवं अक्षय करुणा की अभिव्यक्ति हुई है उनकी भाषा शैली सरल एवं स्पष्ट है तथा शब्द चयन प्रभावपूर्ण और चित्रात्मक है।

# पाठ - 8 एक कुत्ता और एक मैना

## लेखक परिचय
## हजारी प्रसाद द्विवेदी

**जन्म :-** 19 अगस्त 1907 ई को,

**स्थान :-** बलिया जिला उत्तर प्रदेश में,

**मृत्यु :-** 19 मई 1979,

**प्रमुख कृतियाँ :-** सूरसाहित्य, बाणभट्ट की आत्मकथा, कबीर, अशोक के फूल, हिंदी साहित्य का आदिकाल, कुटज, कल्पलता,

**पुरस्कार :-** पद्मभूषण, साहित्य अकादमी

## पाठ का सार:

'एक कुत्ता और एक मैना' पाठ हजारी प्रसाद द्विवेदी द्वारा लिखा गया एक निबंध है। इस निबंध में उन्होंने गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर के साथ हुए अपने संस्मरण को प्रस्तुत किया है और उनके साथ हुए वार्तालाप के माध्यम से उन्होंने गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर के व्यक्तित्व को उजागर किया है। पशु पक्षियों के प्रति गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर के मन में कितनी संवेदनशीलता थी ,इस बात को लेखक ने गहराई से प्रस्तुत किया है यह पाठ पशु पक्षियों के प्रति दया और संवेदनशीलता अपनाने की सीख देता है।

गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर का स्वास्थ्य खराब हो गया तो उन्होंने अपने शांति निकेतन आश्रम को छोड़कर कुछ दिन अपने पैतृक मकान में आराम से गुजारने का निर्णय लिया ।यहीं पर लेखक हजारी प्रसाद द्विवेदी से उनकी मुलाकात होती है । जब वह लेखक से बातें कर रहे होते हैं तभी टैगोर जी का पालतू कुत्ता आकर उनके पास बैठ जाता है जब तक गुरुदेव ने सिर पर हाथ नहीं फेरा और इसी समय कुत्ते पर एक कविता की रचना की गयी। गुरुदेव ने बताया कि यह कुत्ता उनका स्पर्श पाकर आनंद का अनुभव करता है जब गुरुदेव का देहांत हो गया तब भी वह कुत्ता उसकी चिता तक गया और शांत भाव से मौन होकर बैठ गया। इसी तरह एक मैना परिवार भी उसके घर में अपना घोंसला बना ही लेता है उन्होंने कई बार मैना परिवार को हटाने की कोशिश की लेकिन वो घर को छोड़कर नहीं जाते । इस तरह लेखक ने पाठ में जानवरों के प्रेम और संवेदनशीलता के दर्शन कराए हैं ।

## पाठ्यपुस्तक के प्रश्नोत्तर

**1. गुरुदेव ने शांतिनिकेतन को छोड़ कहीं और रहने का मन क्यों बनाया?**

**उत्तर-** गुरुदेव ने शांतिनिकेतन को छोड़ कहीं और रहने का मन इसलिए बनाया क्योंकि उनका स्वास्थ्य अच्छा नहीं था| वे स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए श्री निकेतन चले गए|

**2. मूक प्राणी भी मनुष्य से कम संवेदनशील नहीं होते। पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिये।**

**उत्तर-** मूक प्राणी भी संवेदनशील होते हैं ।उन्हें भी स्नेह की अनुभूति होती है। पाठ में रविंद्रनाथ जी के कुत्ते के कुछ प्रसंग से बात स्पष्ट हो जाती है:-

1 जब कुत्ते को रवींद्रनाथ स्पर्श करते हैं कुत्ता अपनी आँखें मूंद लेता है ऐसा लगता है मानो उसके अतृप्त मन को उस स्पर्श से तृप्ति मिल गई हो।

2 रविंद्रनाथ की मृत्यु पर उसके चिता भस्म के कलश के सामने वह चुपचाप बैठा रहा तथा अन्य आश्रम वासियों के साथ गंभीर भाव से उत्तरायण तक गया।

**3. गुरुदेव द्वारा मैना को लक्ष्य करके लिखी कविता के मर्म को लेखक कब समझ पाया?**

**उत्तर-** गुरुदेव द्वारा मैना को लक्ष्य करके लिखी कविता के मर्म को लेखक तब समझ पाए जब रविंद्रनाथ के कहने पर लेखक ने मैना को ध्यानपूर्वक देखा कि सचमुच ही उसके मुख पर एक करुणा भाव है।

**4 प्रस्तुत पाठ एक निबंध है निबंध गद्य साहित्य की उत्कृष्ट विधा है जिसमें लेखक अपने भाव और विचारों को कलात्मक और लालित्य पूर्ण शैली में अभिव्यक्त करता है इस निबंध में उर्पयुक्त विशेषताएँ कहाँ झलकती है किन्हीं चार का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर-**

(1) प्रतिदिन प्रात: काल वह भक्त कुत्ता स्तब्ध होकर आसन के पास तब तक बैठा रहता है जब तक अपने हाथों के स्पर्श से (गुरुदेव) उसका संग स्वीकार नहीं कर लेते। इतनी सी स्वीकृति पाकर उसके अंग-अंग में आनंद का प्रवाह बह उठता है।

(2) इस बेचारी मैना को ऐसा कुछ भी शौक नही है। इसके जीवन में कहाँ गांठ पड़ी है, यह सोच रहा हूँ।

(3) उस समय भी न जाने किस सहज बोध के बल पर वह कुत्ता आश्रम के द्वार तक आया और चिता भस्म के साथ गंभीर भाव से उत्तरायण तक गया

(4) रोज फुदकती है ठीक यहीं आकर, मुझे इसकी चाल में एक करूण भाव दिखाई देता है।

**(5) आशय स्पष्ट कीजिए:- इस प्रकार कवि की मर्मभेदी दृष्टि ने इस भाषाहीन प्राणी की करुण दृष्टि के भीतर उस विशाल मानव-सत्य को देखा, जो एक मनुष्य दूसरे मनुष्य के अंदर नहीं देख पाता है।**

**उत्तर-** कवि कहते हैं कि गुरुदेव के स्पर्श को कुत्ता आँखें बंद करके अनुभव करता है तब ऐसा लगता है मानो उसके अतृप्त मन को उस स्पर्श से तृप्ति मिल गई है । आज